प्रादेशिक समाचार

04.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज झारखंड के पलामू और गुमला जिले में चुनाव रैली की। श्री मोदी ने कहा कि एन.डी.ए. सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये। उन्होंने वादा किया कि देश में लागू की गई निशुल्क राशन योजना अगले पांच वर्ष तक जारी रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत गरीबों को मुफ्त राशन देने से नहीं रोक सकती और यह मोदी की गारंटी है।

****

रांची लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने पहुंचे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने आज रांची समाहरणालय गिरफ्तार कर लिया है। रांची में विधानसभा घेराव मामले में पुलिस ने देवेंद्रनाथ को गिरफ्तार किया है।

****

दुमका के जिला निर्वाचन पदाधिकारी ए. दोड्डे ने बताया कि नामांकन के लिए 7 मई को अधिसूचना जारी की जाएगी। 7 मई से 14 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 17 मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान एक जून को होगा। उन्होंने बताया कि 2019 में दुमका लोकसभा क्षेत्र में 73.43 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार 90ः मतदान का लक्ष्य रखा गया है। दुमका के उपयुक्त ने बताया कि इसके लिए कई स्तर पर व्यवस्था की जा रही है।

****

जमीन घोटाले मामले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान हेमंत सोरेन और ईडी की ओर से कोर्ट में लिखित बहस जमा किया गया। आज सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने सुरक्षित आदेश पर 10 मई को फैसला की तिथि निर्धारित की है।

****

इससे पूर्व गत 30 अप्रैल को हेमंत सोरेन की जमानत पर दोनों पक्षों की ओर से लगभग एक घंटे से ज्यादा समय तक बहस हुई थी। बहस के दौरान एक तरफ बचाव पक्ष की ओर से हेमंत सोरेन को जमानत देने के लिए दलीलें पेश की गयी। वहीं दूसरी तरफ ईडी की ओर से उनकी दलीलों का पुरजोर विरोध किया गया।

****

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज की ओर से आज कन्या उच्च विद्यालय में लीगल लिटरेसी क्लास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चियों को हमारे देश के संविधान एवं बाल विवाह, डायन प्रथा, मौलिक अधिकार और ईव–टीज़िंग के बारे में जानकारी दी गई। प्राधिकार के सचिव–सह–वरीय सिविल जज बिश्वनाथ भगत ने बताया गया कि बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का कानूनी प्रावधान है।

****

हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड कार्यालय परिसर में पीडीएस संघ की बैठक हुई। अध्यक्षता एमओ संजय कुमार यादव और संचालन प्रखंड अध्यक्ष डोमन पांडेय ने किया। बैठक में बरही प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के पीडीएस दुकानदार और स्वयं सहायता समूह के विक्रेता शामिल हुए। मौके पर एमओ संजय कुमार यादव ने उपस्थित जन वितरण विक्रेताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक करने को कहा।

****

लोकसभा चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण मतदान के लिए देवघर और गोड्डा जिले में बड़े पैमाने पर सीआरपीएफ बटालियन को चुनाव ड्यूटी में लगाया जायेगा।

****

चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम अरुण राठौर ने सरायकेला जिले के गम्हरिया रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। चक्रधरपुर रेल मंडल डीआरएम अरुण राठौर ने राजखरसावां,सिनी, गम्हरिया, आदित्यपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। डीआरएम ने बताया कि चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत आने वाले 15 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत किया जाना है। जहां मूलभूत सुविधाओं को बेहतर तरीके से उपलब्ध कराते हुए स्टेशन पर अन्य बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

****

अफीम तस्कर गिरोह का पर्दाफाश कर लातेहार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। इस दौरान पुलिस ने लातेहार जिले के बारियातू थाना क्षेत्र के श्रीसमाध गांव में छापेमारी कर करीब 81 लाख रुपये मूल्य का अफीम डोडा बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक तस्कर भगत गंझु को गिरफ्तार भी किया है।

********समाप्त*********